झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/07 /20 –37 राँची/दिनांक: 01/07/2020

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक वर्ष 2020–21 में नामांकन लिये जाने से संबंधित सांकेतिक सूचना

श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, राँची द्वारा राज्य के सभी सरकारी, गैर सरकारी एवं पी0पी0पी0 मोड पर संचालित एवं NCVT से मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष 2020–21 में नामांकन के लिए प्राप्त सहमति के आलोक में पर्षद द्वारा उपयुक्त आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे विहित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–

(क) सीट मेटल वर्कर, वायरमैन, मेशन (बिल्डिंग कन्स्ट्रक्टर), पलम्बर, वेल्डर, सीविंग टेक्नोलॉजी, कारपेन्टर, पेंटर एवं सर्फेस आर्नामेंटेशन टेकनिक्स व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं (8वीं) कक्षा में उत्तीणता आवश्यक है।

(ख) उपरोक्त कंडिका में अंकित व्यवसायों को छोड़कर शेष अन्य सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवीं (10वीं) कक्षा में उत्तीणता आवश्यक है।

3. महत्वपूर्ण तिथियाँ :–

क0 सं0	विवरण	तिथि	अभियुक्ति
1.	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की शुरूआत	06.07.2020	
2.	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की समाप्ति	06.08.2020	
3.	मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन	अगस्त माह, 2020 के तृतीय सप्ताह में	

4. आवेदन शुल्क :–

क0 सं0	कोटि/कोटा	राशि	अभियुक्ति
1.	सामान्य (General)/आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग (EWS)/पिछड़ी जाति–I(BC-I)/ पिछड़ी जाति–II(BC-II)	400.00	दिव्यांग आवेदकों को आवेदन शुल्क देय नहीं है।
2.	अनुसूचित जाति (SC)/ अनुसूचित जनजाति (ST)/सभी कोटियों की महिलायें (Female of all Categories)	200.00	

5. यह केवल सांकेतिक सूचना है। नामांकन के संबंध में विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना यथा– आवासीय अर्हता, आयु–सीमा अर्हता, सैनिक कोटा आरक्षण, दिव्यांगों हेतु आरक्षण,

मेधा–सूची के निर्माण इत्यादि हेतु विज्ञापन संख्या–जे0सी0ई0सी0ई0बी0/07/20–36 दिनांक 26/07/2020 अवश्य देखें जो पर्षद के वेबसाईट http:jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Downloads कॉलम में जारी कर दिया गया है।

6. संशय/दुविधा की स्थिति मे पर्षद कार्यालय के दूरभाष संख्या–9264473891 या 9264473893 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰
उप परीक्षा नियंत्रक